प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 15.05.2026

- **थाना गजनेर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए लूट की घटना में प्रकाश में आये 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात में अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना गजनेर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए, दिनांक 26/04/2026 को वादी श्री राजबल्लभ परिहार पुत्र मनीराम सिंह परिहार निवासी शाहजहाँपुर निनाया थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात द्वारा ग्राम जिगनी का पुरवा स्थित अपनी दुकान को बन्द करके मोटर साइकिल से घर जाते समय रास्ते में रायपुर गजनेर रोड से गाँव शाहजहाँपुर निनाया की तरफ मुडते ही सामने खडी काले रंग की बुलेट पर सवार तीन अज्ञात बदमाशों द्वारा गिराकर धारदार चाकू से हमला कर ज्वैलरी का बैग छीनने का प्रयास करने तथा जेब से करीब 20,000/-रुपये व अन्य सामान लूट लेने के सम्बन्ध में दी गयी तहरीर के आधार पर थाना गजनेर पर मु0अ0सं0 99/2026 धारा 309(6) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया। मुकदमा उपरोक्त में पूर्व में गिरफ्तार किये गये अभियुक्तगण से पूछताछ एवं विवेचना के क्रम में अभियुक्त श्याम सिंह पुत्र राजनारायन निवासी चैनापुर थाना रेउना कानपुर नगर का नाम प्रकाश में लाया गया था। मुकदमा उपरोक्त में थाना गजनेर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 15.05.2026 को अभियुक्त श्याम सिंह पुत्र राजनारायण निवासी चैनापुर थाना रेउना जनपद कानपुर नगर को मूसानगर रोड पर जोधेपुर पुलिया से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उपरोक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

श्याम सिंह पुत्र राजनारायन उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम चैनापुर थाना रेउना जनपद कानपुर नगर,

बरामदगी का विवरण –

1- 1,200/- रुपये नकद (सम्बन्धित मु0अ0सं0 99/26 थाना गजनेर उपरोक्त)

2- 01 कान का बाला (पीली धातु) (सम्बन्धित मु0अ0सं0 38/26 थाना मूसानगर)

अभियुक्त का अपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0- 0099/2026 धारा 309(6)/317(2) बीएनएस थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात,
2. मु0अ0सं0 38/26 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस थाना मूसानगर जनपद कानपुर देहात,
3. मु0अ0सं0 58/26 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना रेउना जनपद कानपुर नगर,

गिरफ्तारी करने वाली थाना गजनेर पुलिस टीम-

1. थानाध्यक्ष उ0नि0 सूर्य प्रताप सिंह,
2. उ0नि0 राजेन्द्र सिंह
3. हे0का0 341 उमेशचन्द्र
4. म0का0 1349 रुचि यादव
5. रि0का0 1307 शरद पाटकर
6. रि0का01273 विपिन चौधरी